पत्रिका

कटनी के बडख़ेरा में नकली नोटों की फैक्ट्री का भंडाफोड़

कटनी. जबलपुर एसटीएफ (स्पेशन टॉस्क फोर्स) की टीम ने कटनी जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोटों के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई कुठला थाना क्षेत्र के बिलहरी चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम बखड़ेरा में की गई, जहां दबिश देकर एक युवक को पकड़ा गया है। युवक के पास से 1 लाख 56 हजार रुपए के नकली नोटें जब्त की गई है। इस कार्रवाई से हडक़ंप मच गया है। इस कार्रवाई में नकली नोटों की छपाई में इस्तेमाल होने वाले हाईटेक उपकरण, कंप्यूटर, स्कैनर, कलर प्रिंटर, स्पेशल कागज और नकली नोटों का जखीरा बरामद किया जाना बताया जा रहा है।

एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि कृष्णा लोधी पिता गुलाब सिंह (29) नाम का युवक जो गांव में ऑनलाइन सेंटर चला रहा है वह 500, 200 और 100 रुपए के नकली नोट छापता है और सप्लाई करता है। इसका बड़ा नेटवर्क फैला है। इस इनपुट के बाद टीम ने सात दिन तक युवक की गतिविधियों पर नजर रखी और पुख्ता सबूतों के बाद बुधवार शाम दबिश देकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

Source: https://www.patrika.com/katni-news/fake-notes-seized-stf-in-katni-19802763